कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संतकबीरनगर

पत्रांक :- मु0चि0अ0/तम्बाकू नि. प्रकोष्ठ/2020-21/ ।   दिनांक -8/6/20

1. समस्त अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी,
   सामु0/प्राथ0स्वा0केन्द्र, संतकबीरनगर

2. समस्त कार्यालय अध्यक्ष,

विषय : सार्वजनिक स्थानों पर पान मसाला/तम्बाकू/अन्य तम्बाकू उत्पाद प्रतिबंधित एवं आवश्यक कार्यवाही के सम्बन्ध में।

महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्रांक राज्य तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ/ 2019-20/8375 लखनऊ दिनांक 13.4.2020 एवं पत्रांक राज्य तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ/2019-20/ 8365 लखनऊ दिनांक 18.3.2020 द्वारा अवगत कराया गया है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा कोरोना वाइरस (कोविड-19) को महामारी घोषित किया जा चुका है तथा भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा इसे विश्व व्यापी महामारी को गंभीरता से लेते हुए इसकी रोकथाम एवं बचाव हेतु दिशा निर्देश जारी करते हुए हेल्पलाइन नम्बर-18001805145 भी जारी किये गये हैं।

चूँकि प्रदेश में लगभग 29.4% लोग धूम्रपान रहित तम्बाकू का विभिन्न रूप से सेवन करते है, जो कि वर्तमान में तम्बाकू एवं पान मसाला का सेवन कर इधर-उधर थूकने से कोरोना वायरस (कोविड-19) के फैलने मे सहायक हो सकता है एवं प्रधानमंत्री द्वारा बहुउद्देशीय स्वच्छ भारत मिशन व अन्य बीमारियों की रोकथाम हेतु तम्बाकू व पान मसाला का सेवन बड़ी बाधा है।

अतः कोरोना वायरस (कोविड-19) को ध्यान में रखते हुए आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त स्थिति को देखते हुए तत्काल सी0ओ0टी0पी0ए0-2003 के नियमों/ उपनियमों एवं सार्वजनिक स्थान पर तम्बाकू एवं पान-मसाला खाकर इधर-उधर थूकने पर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

नोडल अधिकारी (एन0सी0डी0)
संतकबीरनगर

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
संतकबीरनगर

पत्रांक :- मु0चि0अ0/तम्बाकू नि. प्रकोष्ठ/2020-21/ 2063   तद्दिनांक :

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु -

1. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. राज्य नोडल अधिकारी राज्य तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. जिलाधिकारी महोदय, संतकबीरनगर
4. पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की आप अपने अधीनस्थ पुलिस बल को उक्त के सम्बन्ध में उचित कार्यवाही हेत निर्देशित करें।
5. मुख्य विकास अधिकारी संतकबीरनगर
6. यू0पी0वी0एच0ए0, लखनऊ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
संतकबीरनगर

Scanned with CamScanner